तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 16.1 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 मार्च 2025

12 हकृवि के वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए एटलस को...



12 डीवाईएफआई के राज्य सम्मेलन के लिए स्वागत...



## खबर संक्षेप

### ट्रकों से बैटरी चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

**बरवाला।** बरवाला पुलिस ने पाबड़ा लिंक रोड खेदड़ के पास खड़े ट्रकों से बैटरी चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें खेदड़ निवासी सोनू, राहुल, नानक और भीम सिंह शामिल है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही रमेश ने बताया कि उक्त आरोपियों ने पाबड़ा लिंक रोड खेदड़ के पास खड़े ट्रकों से बैटरियां चुराई थी। इसके बारे में खेदड़ निवासी राजेश ने 15 मार्च को शिकायत दी। उसने बताया कि वह ट्रक ड्राइवरी करता है। उसने अपनी गाड़ी पाबड़ा लिंक रोड खेदड़ के पास खड़ी की थी। साथ ही और भी गाड़ियां खड़ी थी। रात की किसी अज्ञात ने ट्रकों से बैटरियां चोरी की है। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### फैक्ट्री से चोरी हुआ ट्रैक्टर ट्राली, दमोह से बरामद

**हिसार।** सदर पुलिस ने पिछले वर्ष 9 दिसंबर को मिर्जापुर चौक स्थित सीमेंट ईंट फैक्ट्री से चोरी हुए ट्रैक्टर ट्राली को मध्यप्रदेश के दमोह स्थित हिंडोरी से बरामद किया है। मुख्य सिपाही अजयदीप ने बताया कि 9 दिसंबर को मिर्जापुर चौक स्थित सीमेंट ईंट फैक्ट्री से ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने के बारे में शिकायत मिली। शिकायतकर्ता गजानंद ने बताया कि उसने अपना ट्रैक्टर ट्राली सीमेंट ईंट फैक्ट्री के पास खड़ा किया था जो वहां से चोरी हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन आगे बढ़ाई तो चोरीशुदा ट्रैक्टर ट्राली के हिंडोरी में होने के बारे सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने हिंडोरी में छापा मारकर कर चोरी शुदा ट्रैक्टर ट्राली बरामद किए है।

### घर में घुसकर चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने गांव डोभी स्थित घर में घुस चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें खारिया निवासी सुरेंद्र उर्फ गट्टू और हिसार के 12 क्वार्टर का संदीप कुमार शामिल है। उप निरीक्षक सुभाष ने बताया कि बालसमंद पुलिस चौकी में गांव डोभी निवासी जितेंद्र सिंह ने 17-18 मार्च की रात उसके घर से दो युवकों द्वारा नकदी चोरी करने के बारे शिकायत दी थी। इस पर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी शुदा 1400 रुपए बरामद किए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 3 मार्च की रात में गांव डोभी निवासी राजेश के घर से आभूषण और नकदी सहित कागजात चोरी किए थे और 14-15 मार्च की रात में आरोपियों ने गांव डोभी निवासी सुरेंद्र सिंह के घर से आभूषणों सहित नकदी चोरी की थी।

### आभूषण चोरी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एबीवीटी पुलिस टीम ने आभूषण चोरी के मामले में चौथे आरोपी जुलाना निवासी जोनी को गिरफ्तार किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक धर्मवीर ने बताया कि उपरोक्त आरोपी जोनी अपने तीन साथियों सहित आजाद नगर निवासी महिला के बैग से सोने के आभूषण सहित नकदी चोरी की वारदात में शामिल था। पुलिस ने आरोपी से सोने की चार अंगूठी और तीन हजार रुपये की नकदी बरामद की है। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में पहले तीन आरोपियों कनोह निवासी करमबीर, शीशराम और मोठ रागड़ान निवासी सुभाष को गिरफ्तार करके आभूषण बरामद किए जा चुके है। इस संबंध में आजाद नगर थाना में को हिसार निवासी महिला निर्मला ने सोने चांदी के आभूषणों सहित नकदी चोरी होने के बारे में शिकायत दी गई थी। गांव डाबड़ा पहुंचने पर उसने अपना बैग चेक किया तो उस बैग नहीं मिला। बैग में सोने चांदी के आभूषणों सहित एटीम कार्ड और तीन हजार रुपये थे।

## लॉरेंस गैंग से जुड़े गुर्गे पर लड़की के अपहरण का आरोप

# परिजनों ने युवती को बरामदगी व परिवार को सुरक्षा देने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने जनसुनवाई में लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लॉरेंस गैंग से जुड़े गुर्गे पर एक लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए युवती को बरामद करने की गुहार लगाने का मामला राष्ट्रीय महिला आयोग की महिला जनसुनवाई में उठा है। पीड़िता के माता-पिता ने राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी के समक्ष पेशकर बेटी की तलाश करने व परिवार को सुरक्षा देने की मांग की।

खास बात है कि जिस गुर्गे पर अपहरण का आरोप है वह युवक पंकज भी महिला आयोग के सामने बेखौफ बैठा था। उसने आयोग के समक्ष कहा कि खुशबू घर से अकेली गई है। वह बार-बार आयोग सदस्य के समक्ष उंगली दिखाकर बात कर रहा था। इस बात पर आयोग सदस्य ने उसे फटकार लगाई और अपनी सीट पर जाकर बैठने की बात कही। आयोग सदस्य





हिसार। जन सुनवाई के दौरान मौके पर बैठा आरोपी पंकज (लाल घेरे में) व गायब युवती खुशबू, जिसके अपहरण का आरोप है।

बोली कि लड़की कहां है? पुलिस ने क्या कार्रवाई की?। पुलिस ने बताया कि लड़की और उसकी मां का फोन भी ट्रेस किया था और अखबारों के माध्यम से सूचना दी गई है। अभी तक पता नहीं लगा है। आयोग सदस्य ने पुलिस को जल्द तलाश कर उचित कार्रवाई के आदेश दिए।

### आरोपी पर आर्म्स एक्ट सहित कई केस

आरोपी पंकज पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह अवैध पिस्तोल के साथ गिरफ्तार भी किया जा चुका है। जब इस बारे में पंकज से भी बात की गई तो कहा कि खुशबू की पहले उसके साथ बातचीत होती थी, पर अब काफी समय से कोई संपर्क नहीं हुआ। उसने पुलिस को भी यह बात बताई परंतु एक न सुनीं। बठिंडा में व्यापारी लूटने की साजिश में लॉरेंस गैंग के चार गिरफ्तार बदमाशों में पंकज भी पकड़ा गया था।

### शिकायत में पंकज पर कई मुकदमों का जिक्र

आयोग सदस्य को दी शिकायत में आदमपुर निवासी अनीता देवी ने बताया कि उसकी बेटी खुशबू आरोपी पंकज के साथ अगस्त 2021 से उसके घर पर लिव इन रिलेशनशिप में रही थी। कुछ दिनों तो ठीक रहा। बाद में 14 अक्टूबर 2021 को उसकी बेटी वहां से गायब हो गई। इसकी शिकायत आजाद नगर थाना में दर्ज है। इसकी सूचना उनको रिश्तेदारों से मिली। शिकायत में यह भी लिखा कि उनको पता चला कि उक्त पंकज बदमाश व आवारा किस्म का है। इस पर मुकदमे भी दर्ज है। पंकज नशेड़ी किस्म का है। आरोप लगाया कि पंकज ने उसकी लड़की को गायब या जान माल की हानि या उसके कोई अनहोनी ना कर दी हो।

### परिवार को जान का खतरा बताकर मांगी सुरक्षा

*इस मामले में जिले के एसपी को शिकायत दी गई है। आजाद नगर थाने में कई चक्कर काट चुकी है। पंकज उसे व उसके परिवार को केस वापस लेने और जान से मार देने की धमकी दे रहा है। उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और जान का खतरा बना है। इसलिए मांग है कि इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसके परिवार की सुरक्षा की जाए। उसकी लड़की को तलाश कर बरामद किया जाए।*

## चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने महिलाओं से जुड़े मामलों के समाधान के लिए की जन सुनवाई

# राष्ट्रीय महिला आयोग की नसीहत, लोगों के प्रति मानवीय होना चाहिए पुलिस का रवैया

- फरियादी जिस तरह से पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट है, उसे देखते लगता है पुलिस सीरियस नहीं : आयोग
- जो छेड़ेगा, उसे आप छोड़ेंगे नहीं की कल्पना के साथ आगे बढ़ना है : ममता कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी तथा हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने महिलाओं से जुड़े मामलों तथा शिकायतों के समाधान के लिए बुधवार को लघु सचिवालय में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। जनसुनवाई के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने पुलिस थानों में लंबित और प्रक्रियाधीन हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, जींद जिले के कुल 68 मामलों की सुनवाई की जिनमें से 25 हिसार जिले के थे। जन सुनवाई के दौरान आयोग ने पुलिस के जमकर खिंचाई की और कई मामलों में पुलिस अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए दोबारा जांच के आदेश दिए। जन सुनवाई के दौरान कई फरियादों द्वारा पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाने पर राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि शिकायतों से जो बात निकलकर आ रही है, वह पुलिस की ओर इशारा कर रही है, लगता है पुलिस सीरियस नहीं है। पुलिस का ऐसा अमानवीय रवैया नहीं होना चाहिए। कोई भी डीएसपी हो, ऐसा न करें, महिला को छेड़ा जाए और आरोपी का कुछ न बिगड़े। उन्होंने दो टूक कहा कि जब भी किसी पुलिस कर्मचारी पर आरोप लगते हैं तो जांच अधिकारी की कलम कार्रवाई करने की बजाय उसे बचाने में लग जाती है। किसी मामले में पुलिस पर चार्ज लगे तो पुलिस उस केस को निराधार व झूठा बता देती है।



हिसार। जनसुनवाई कार्यक्रम में शिकायतों की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी व हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया।

### मंत्री का फोन कराने पर पुलिस ने की एफआईआर

हिसार निवासी एक विवाहिता ने आयोग को बताया कि वह अपने परिवार के साथ फरीदाबाद में रहती है। उसकी एक लड़की व एक लड़का है। उसने अपने पति पर आरोप लगाया कि मेरे बच्चों के सामने पति ने मुझे गला दबाकर मारने की कोशिश की। किसी तरह मैंने डायल 112 पर मदद के लिए कॉल की। पुलिस आरोपी पति को पकड़ने की बजाय मुझे और मेरे बच्चों को गाड़ी में बैठाकर थाने में ले गई। मैंने हिसार में अपने मायके वालों को मामले की सूचना भेजी। उसके बाद वे पुलिस थाने में पहुंचे। दो दिन तक हमें परेशान किया गया।

**यह रहे उपस्थित:** जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, नगराधीश हरिराम, जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजु राणा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी बबीता चौधरी, जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार, सुनीता यादव, अनिता दलाल, सरिता चौधरी, कृष्णा चौधरी, सुशीला शर्मा, सुमन पाहुजा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रेनिंग दो, या फिर मुझे बुलाओ, पुलिस को हम ट्रेंड करेंगे

सिरसा जिले में कार्यरत एक आंगनवाड़ी वर्कर ने जन सुनवाई में पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने गांव के ही कुलदीप नामक एक व्यक्ति के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी की शिकायत पुलिस को दी थी। पुलिस थाने में उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोपी आज भी गांव में घूम रहा है। मैं गरीब की बेटी हूं, हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस पर महिला जांच अधिकारी ने आयोग को बताया कि इस मामले में जांच अधिकारी पहले कोई और था, जिसकी ट्रांसफर हो चुकी है। फिलहाल चार्जशीट दायर कर दी गई है। इस पर आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि जांच अधिकारी का ट्रांसफर हुआ, यह मैं नहीं मैटर करता। आज जिसके पास केस है, वे जिम्मेवार है। मुझे चार्जशीट नहीं कार्रवाई चाहिए।

### लिखित में दो, हम सरपंच को पकड़ेंगे

सिरसा जिले के एक गांव से महिला पंचायत मेंबर ने आयोग को बताया कि सरपंच ने उसके बारे में सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट की और छेड़छाड़ भी की। सरपंच ने उसे दिमागी रूप से परेशान किया हुआ है। पुलिस ने उस पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की। वह विदेश में घूम रहा है। जन सुनवाई से ठीक 4 दिन पहले भी सरपंच ने उसके पति को धमकी दी। इस पर जांच अधिकारी ने आयोग को बताया कि पहले सरपंच पर आरोप लगाते है और फिर राजीनामा कर लिया। शिकायतकर्ता ने इस मामले में पुलिस पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस शिकायत पर राजीनामा हुआ है, उसके बाद फिर से उसने धमकी दी है। इस पर आयोग ने शिकायतकर्ता से कहा कि दोबारा लिखित में शिकायत दो, हम सरपंच को पकड़ेंगे।

### महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पुलिस को सख्त होना होगा

दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामले को आयोग के सामने रखते हुए सिरसा जिले से फरियादी विवाहिता ने बताया कि उसने पुलिस को दहेज प्रताड़ना की शिकायत दी थी, जिसमें 11 लोगों के नाम शामिल थे, लेकिन उनमें से दो को ही पकड़ा गया। इस पर जांच अधिकारी ने आयोग को बताया कि मामले में पति और सास को पकड़ा जा चुका है। जो नाम निकाले गए है, वे उच्चाधिकारियों द्वारा की गई समीक्षा के बाद निकाले गए है। यह सुनते ही राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने पुलिस को लपेटे हुए कहा कि ऐसी कौन सी जांच करते हो, मैं नहीं मानती ऐसी जांच को, शिकायतकर्ता को न्याय मिलना चाहिए। पुलिस का महिला के प्रति ऐसा व्यवहार ठीक नहीं है। महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पुलिस को सख्त होना पड़ेगा। मामले की फिर से जांच करवाई जाए।

### मुख्य आरोपी को पकड़ने की बजाय शिकायतकर्ता पर ही बना दिया केस

बरवाला एरिया की एक महिला ने आयोग को बताया कि 14-15 लोगों ने उसका रास्ता रोका और बदतमीजी की। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को पकड़ा और कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी, जबकि मामले की मुख्य आरोपी को गिरफ्तार तक नहीं किया। इतना ही नहीं पुलिस ने उल्टा शिकायतकर्ता पर लड़की चोरी का केस बना दिया। दूसरी तरफ उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने में पुलिस ने 4 दिन लगा दिए।

### पुलिस ने पंचायत समिति उपाध्यक्ष पर नहीं की कार्रवाई

जिले से पंचायत समिति की चेयरपर्सन ने आयोग के सामने समिति के उपाध्यक्ष पर एससी/एसटी केस में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का मामला उठाया। चेयरपर्सन ने कहा कि वह एससी वर्ग से संबंध रखती है, जबकि उपाध्यक्ष एक वर्ग विशेष से है। चेयरपर्सन ने आरोप लगाया कि मैं एससी वर्ग से होने के कारण उपाध्यक्ष का व्यवहार उसके प्रति ठीक नहीं है। जातिगत टिप्पणी करते हुए वह कहता हूं तू क्या पंचायत समिति चलाएगी। इसे तो मैं चलाऊंगी। इस पर उसने पुलिस में शिकायत भी दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आयोग ने इस मामले में पुलिस का पक्ष जाना तो जांच अधिकारी ने कहा कि आरोप सिद्ध नहीं हुए।

### साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय बरवाला के कंप्यूटर साइंस विभाग ने सी.एस.टेक टाक आस्क एंड आंसर इवेंट का आयोजन किया। यह इवेंट विभागीय स्टाफ़, रेखा सलूजा और मिनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में और छात्रों की सक्रिय भागीदारी से आयोजित किया गया। एक रोमांचक नुक्कड़ नाटक साइबर सुरक्षाः हमारी जिम्मेदारी, में यह दिखाया गया कि कैसे साइबर अपराधी ऑनलाइन धोखाधड़ी और हैकिंग के माध्यम से लोगों को निशाना बनाते हैं। नाटक में यह भी बताया गया कि ऑनलाइन फ्रेंड रिक्वेस्ट को सोच-समझ कर स्वीकार करना चाहिए, ऑनलाइन भुगतान करते समय पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए, और कैसे तकनीक का सही इस्तेमाल हमारी ज़िंदगी को उज्जवल बना सकता है।

### गोमाता की सेवा सबसे उत्तम सेवा : चीफ इंजीनियर

**बरवाला।** गांव बालक मे राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट खेदड़ के चीफ इंजीनियर आमोद जिंदल ने श्री कृष्णा श्री श्री 1008 बाबा ऋद्धनाथ गऊशाला का भ्रमण किया और गऊशाला कमेटी सदस्यों के साथ अपने विचार सांझा किए तथा गो माताओं को हरा चारा डाला। जिंदल ने अपने संबोधन में कहा कि गोमाता की सेवा सबसे उत्तम सेवा है और हमेशा गऊशाला में सहयोग करने की बात कही। इस दौरान गौशाला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा चीफ इंजीनियर आमोद जिंदल को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर गऊशाला कमेटी के प्रधान महाबीर सिंह फौजी, पूर्व सरपंच बलवंत सिंह रेड्डू ,रोशन शर्मा बालक, साधु राम रेड्डु, नरेश कुमार

## आत्महत्याः एक माह बाद पत्नी सहित 6 के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

महिला थाना में पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाए जाने तथा पत्नी के परिवार द्वारा प्रताड़ित किए जाने से परेशान युवक दयालसिंह कॉलोनी के समीप विराटनगर निवासी अजय भारद्वाज द्वारा 14 फरवरी को अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने के करीब सवा महीने बाद शहर थाना पुलिस में पत्नी सहित 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला मृतक अजय भारद्वाज के पिता सुरेश कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत में सुरेश ने कहा है कि वह विराट नगर का निवासी है और अजय भारद्वाज उसका इकलौता पुत्र था और वह एनएच-9 हिसार-हांसी रोड़ स्थित ग्रीन वैली पर बने कैन्टाबिल शोरूम पर असिस्टेंट मैनेजर के पद पद कार्यरत था और उसकी शादी 9 सितंबर को चारकुतुब गेट के समीप टावर वाली गली निवासी काजल के साथ हुई थी लेकिन शादी के बाद काजल ने अपनी मां किरण भाई योगेश व लोकेश तथा अजीत गुज्जर व लक्ष्मण चौतरा निवासी दिनेश के बहकावे में कुछ दिन बाद ही अभद्रव्यवहार शुरू कर दिया।

**इधर**

### यह लगाया आरोप

*सुरेश ने बताया कि पत्नी की हरकतों के कारण मेरा पुत्र गुमसुम रहने लगा और वह किसी से कोई बातचीत न करता था और सुबह 9 बजे घर से काम पर चला जाता और शाम को करीब 9:30 बजे के करीब घर पर आता था परन्तु वह घर मे किसी से बातचीत नहीं करता था। और 14 फरवरी को उस का लड़का रात करीब 10 बजे घर आया और आकर अन्दर कमरे में जाकर सो गया और जब वह सुबह वहीं नहीं उठा तो करीब 8 बजे उसके कमरे में गये तो पाया कि उसका इकलौता लड़का पंखे के हुक से फांसी पर लटका हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच के उपरांत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

## सरकारी खरीद न होने से किसान परेशान, लगा रहे कई आरोप

# किसानों की ओने-पोने दाम पर बिक रही सरसों गेट पास नहीं कटा तो कैसे होगी सरकारी खरीद

### पांच हजार से 5500 तक बिक रही है सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना मंडी

प्रदेश सरकार द्वारा सरसों के खरीद शुरू करने की घोषणा के पांच दिन बाद तक भी उकलाना में सरसों की खरीद नहीं हा रही है। किसानों के गेट पास भी नहीं कट रहे हैं, जिस कारण किसानों की सरसों व्यापारी ओने पोने दाम पर खरीद रहे हैं। किसान व आढतियों ने बताया कि सरसों पांच हजार रुपये से लेकर 5500 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रही है। जैसी सरसों में नमी होगी उसी अनुसार रेट व्यापारी द्वारा लगाया जाता है। बोबुआ से पहुंचे किसान लीलाराम ने बताया कि नियमानुसार नमी होने के बावजूद भी मजबूरी में 5478 में उन्होंने अपनी 100 क्विंटल सरसों बेच दी है। सरकारी खरीद न होने से घर कैसे इतनी फसल को रखेंगे और यहां कितने दिन इंतजार करेंगे। जब पांच दिन बीतने के बाद भी सरकारी खरीद नहीं है तो क्या पता कब होगी? प्रभुवाला से पहुंचे किसान राजवीर ने कहा कि उनकी सरसों के 5500 लगाए थे लेकिन उन्होंने नहीं बेची, कल भी नहीं बेची है और ना आज बेच रहे हैं जबकि सरकार का रेट 5950 है। प्रभुवाला के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि परमिंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी सरसों 5215 रुपए की क्विंटल बेची है। उन्होंने बताया कि कुछ नमी थी। नरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल 5545 बेची है। इस तरीके से किसानों की सरसों सरकारी खरीद ना होने के कारण बिक रही है जिसकी कोई सुध लेने वाला नहीं। पार्श्वनाथ ट्रेडिंग कंपनी के मुकेश जैन ने कहा कि हैंडलिंग एजेंट के माध्यम से आढती को आढ़त नहीं मिलती और एजेंट सरकार को खराब सरसों भी भेजता है जो पिछली बार भी ऐसा हुआ है। सरकार को अगर अच्छी फसल खरीदनी है तो आढती के माध्यम से फसल खरीदें जो साफ झराई करके देगा। छबीलदास फार्म से सुरेश गर्ग ने कहा की आढ़त सरकार की ओर से आढती को मिलेगी तो वह अच्छी फसल सरकार को उपलब्ध करवाएंगे। जब इस विषय पर कच्चा आढ़ती एसोशिएशन के प्रधान धर्मपाल धायल से बात की तो उन्होंने कहा कि सरकार का पोर्टल खुला नहीं है जबकि वेयरहाउस का काम है खरीद करना। वेयरहाउस ने हैंडलिंग एजेंट मार्केटिंग सोसायटी को बना दिया है जबकि मार्केटिंग सोसायटी अपने और हैंडलिंग एजेंट बना रही है। सरकार की ओर से 95 रुपये प्रति क्विंटल हैंडलिंग एजेंट को दिया जाता है और मार्केटिंग सोसायटी 50 रुपये में किसी और को ढूंढ रही है तो ऐसे में कैसे काम होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद ना होने के कारण प्राइवेट खरीद हो रही है और किसान मजबूरी में अपनी सरसों बेच रहा है।



हिसार। बोरियां में सरसों डालते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### यह बोलेकमेटी के सचिव विवेक

कमेटी के सचिव विवेक से बात की तो उन्होंने कहा कि पोर्टल खुल चुका है। जिस किसान की फसल वेरीफाई नहीं हुई उसमें दिक्कत आई हुई है जबकि आज तक सरसों खरीद के लिए कोई गेट पास नहीं कटा। सरकारी खरीद एक-दो दिन में शुरू हो जाएगी। कुछ समस्याएं हुई थी जिनके समाधान के लिए कह दिया। इसी के चलते आज 180 क्विंटल सरसों तथा 100 क्विंटल जीरी खरीदी गई है। हरियाणा वेयरहाउसिंग खरीद एजेंसी मैनेजर ओमप्रकाश नयोलिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आज तक कोई गेट पास नहीं कटा। जब तक गेट पास नहीं होगा तो वह सरकार की ओर से खरीद नहीं कर सकते।

## खबर संक्षेप

### अनाज मंडी में दुकान के बाहर से सरसों चोरी

**हांसी।** अज्ञात चोर मंगलवार रात को अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 64 के बाहर रखी करीब 1.6 क्विंटल सरसों चुराकर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर दुकान मालिक ढाणा कलां निवासी विकास की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में विकास ने बताया कि उसकी अनाज मंडी में दुकान है और मेरी दुकान के बाहर से एक सरसों की ढेरी रात को लगभग 12.30 बजे अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गए।

### पुलिस ने गिरफ्तार किया उद्घघोषित आरोपी

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने उद्घघोषित आरोपी भिवानी जिले के गांव मुंढाल खुर्द निवासी बारु को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अदालत ने शहर थाना में दर्ज चोरी के एक मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पुलिस ने पकड़े आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### एक लाख से अधिक की ठगी में एक गिरफ्तार

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने फोटो वायरल करने का भय दिखा एक लाख चार हजार रुपए की ठगी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया क्षेत्र के बिजलीपुर निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि थाना एचटीएम में हिसार निवासी एक व्यक्ति ने एक लाख चार हजार रुपये की ठगी होने के बारे में शिकायत दी थी।

### जाट कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के सौजन्य से पाश एक्ट 2013 के बारे में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ की संयोजक प्राध्यापिका हर्षलेखा ने बताया कि व्याख्यान में छाजूराम विधि महाविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पूनम चहल ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। डॉ. चहल ने छात्राओं को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त महिला अधिकारों के बारे में विस्तार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत संसार के उन देशों में शामिल है जहां महिलाओं को अपने मूलभूत अधिकार आजादी के समय ही मिल गए थे।

### हत्या मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने शास्त्री नगर निवासी कुलदीप की हत्या मामले में दूसरे आरोपी शास्त्री नगर निवासी शिवराज उर्फ कालू को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक मेहनपाल ने बताया कि उक्त आरोपी शिवराज उर्फ कालू, मृतक कुलदीप और उसके भाई को ईंटों से चोटें मारने की वारदात में शामिल था। इस कारण 17 मार्च को इलाज के दौरान कुलदीप की मृत्यु हो गई। इस मामले में एक आरोपी सुंदर की पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जो अभी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर है।

## कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने टीम को दी बधाई

# हकृवि के वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए एटलस को मिला कॉपीराइट

- इस एटलस के प्रशासन से हरियाणा के सभी जिलों में सूक्ष्म और गौण पोषक तत्वों की स्थिति का पता चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज वैज्ञानिकों की टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग व भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के वैज्ञानिकों की टीम ने अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत मिट्टी और पौधों में सूक्ष्म और माध्यमिक पोषक तत्वों और प्रदूषक तत्वों की शोध परियोजना में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) का उपयोग करके 'हरियाणा राज्य की मृदाओ में सूक्ष्म एवं गौण पोषक तत्वों का ताल्लुकवार स्तरः एटलस शीर्षक के अंतर्गत एटलस प्रकाशित करने पर रजिस्ट्रार ऑफ कॉपीराइट (इंडिया) द्वारा साहित्यिक श्रेणी के अंतर्गत कॉपीराइट प्रदान किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस एटलस के प्रकाशन के लिए शोधकर्ताओं की पूरी टीम की प्रशंसा की और भविष्य में इस कार्य को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने बताया कि मिट्टी एक बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधन है। संसार के समस्त जीवों का अस्तित्व और कल्याण मिट्टी के स्वास्थ्य से अभिभाज्य रूप से जुड़ा हुआ है। कुलपति ने बताया कि इस एटलस में प्रत्येक (सूक्ष्म और गौण) पोषक तत्व की उपलब्धता स्थिति को ताल्लुकवार मानचित्र पर अलग-अलग रंग भिन्नताओं के साथ अलग-अलग श्रेणियां में दिखाए जाने से उन क्षेत्रों के बेहतर दृश्यांकन में मदद मिलेगी, जिन पर किसी तत्व विशेष की कमी के कारण अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इस एटलस के प्रशासन से हरियाणा के सभी जिलों में सूक्ष्म और गौण पोषक तत्वों की स्थिति का पता चलेगा तथा एटलस में दी गई जानकारी शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, विस्तार शिक्षा अधिकारियों, नीति निर्माता, कृषक समुदाय, छात्रों और अन्य हित धारकों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

### इनका रहा प्रमुख योगदान

*इस एटलस को इंटरनेशनल स्टेंडर्ड बुक नंबर आईएसबीएन) व विश्वविद्यालय प्रकाशन नंबर (यूपीएन)के साथ प्रकाशित करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. रोहतास कुमार, डॉ. पीएस सांगवान, डॉ आरएस मलिक, डॉ. हरेंद्र कुमार यादव, प्रो. बीआर कम्बोज तथा भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल की ओर से प्रोफेसर अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ. संजीव कुमार बेहेरा, डॉ. राहुल मिश्रा, विमल शुक्ला, योगेश सिकनिया, क्षितिज तिवारी एवं डॉ. एसपी दत्ता का प्रमुख योगदान रहा। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व कार्यवाहक विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर उपस्थित रहे।*

# बजट समाज के सभी वर्गों के विकास पर केंद्रित : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हरियाणा विधानसभा में बजट पर चर्चा करते हुए विधायक सावित्री जिंदल ने हरियाणा सरकार के 2025-26 के बजट को प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के विकास पर केंद्रित है परन्तु महिलाओं का आर्थिक विकास इसकी धुरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार ने हिसार को फ़ूड प्रोसेसिंग, खजूर उत्कृष्टता केंद्र, एयर कार्गो, वेयर हाउस, टेक्सटाइल यूनिट्स आदि जैसे प्रोजेक्ट्स देकर हिसार के प्रचुर विकास के स्पष्ट संकेत दिए हैं। इस अवसर पर सावित्री जिंदल ने हिसार की जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कई अहम मांगें रखीं ताकि हिसार क्षेत्र को अधिक सुविधाएँ और विकास कार्यों का लाभ मिले। सावित्री जिंदल ने सदन को बताया कि हिसार में गूजरी महल के साथ लगती पीली कोठी युवाओं के नशे की गतिविधियों का केंद्र बनी हुई है। पीली कोठी में युवाओं की नशे संबंधी गतिविधियों पर नकेल डालने और इस क्षेत्र को किसी लाभदायक कार्य के लिए प्रयोग के लिए विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने राय व्यक्त की कि ज्यादा संख्या में सरकारी स्कूलों को इंग्लिश माध्यम में बदलना जरूरी है ताकि बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें जिससे उनके करियर और भविष्य के अवसरों में वृद्धि होगी। सावित्री जिंदल ने जोर देकर कहा कि हिसार शहर में डेयरियों को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह सीएम की घोषणा का हिस्सा है।

### ओएसजीयू में होगा 4, 5 और 6 अप्रैल को

**हिसार ।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में 4, 5 और 6 अप्रैल को पूल कैंपस नाम से जॉब फेयर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत वर्षों की तरह इस बार भी जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है जोकि तीन दिन का होगा। डॉ गोयल ने बताया कि इस बार के जॉब फेयर में हिसार, दिल्ली और चंडीगढ़ से लगभग 50 से ज्यादा कंपनीयां विद्यार्थियों की स्किल्स और उनकी नॉलेज के आधार पर उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। मेगा जॉब फेयर में पंजीकरण करना बिल्कुल निशुल्क है। डॉ. गोयल ने बताया कि इस मेगा जॉब फेयर का उद्देश्य हर वर्ग के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करना है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय हरियाणा के सभी युवाओं को एक बेहतरीन मौका दे रहा है।

# कैमरी के आशीष मुंबई में बने असिस्टेंट मैनेजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



- असिस्टेंट मैनेजर बनने से परिवार में जश्न का माहौल

नजदीकी गांव कैमरी निवासी आशीष गौतम का एसबीआई मुम्बई में असिस्टेंट मैनेजर सिस्टम पद पर चयन हुआ है। उनके चयन पर परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है।

आशीष शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहे हैं। उनकी बैचलर की शिक्षा गुजवि से हुई जहां उन्होंने यूनिवर्सिटी में टॉप पर गोल्ड मैडल पुरस्कार प्राप्त किया। बाद में उन्होंने गांधी नगर के एनएफएसयू नेशनल फोरेंसिक साइसं यूनिवर्सिटी से साइबर सिक्योरिटी में एमएससी की और यहां भी उन्होंने टॉप कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। वर्तमान में वे हैदराबाद में कंपनी में कार्यरत हैं। उनका एसबीआई असिस्टेंट मैनेजर सिस्टम पद पर चयन के लिए उन्होंने प्री परीक्षा पास की और इसके बाद साक्षात्कार में सफल होने पर उक्त पद पर उनका चयन हो गया। उनके पिता सुरेंद्र गौतम प्राइवेट जॉब करते हैं तथा माता राज रानी गृहिणी हैं।

# राजकीय कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


**हांसी।** संधि सेतु एलुमनी सदस्य के स्वास्थ्य की जांच करते सर्वेश हैल्थ सिटी सेंटर के चिकित्सक

संधि सेतु एलुमनाई एसोसिएशन हांसी द्वारा बुधवार को राजकीय महाविद्यालय में सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में सर्वेश अस्पताल हिसार की डॉ. स्निग्धा, डॉ. तुषार भारद्वाज व डॉ. सुनीता ने करीब 300 विद्यार्थियों, एल्युमनी मेंबर्स व कॉलेज स्टाफ सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की तथा उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयां वितरित की। शिविर में सीनियर एल्युमनी व रिटायर्ड प्रिंसिपल दया किशन वत्स ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। तथा रिबन काटकर जांच शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दया किशन वत्स ने संगठन के कार्यों की प्रशंसा की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पवित्र मोहन शर्मा व बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

### पौधरोपण कर मनाया जाएगा शहीदी दिवस

**हांसी।** शहीद भगतसिंह, शहीद राजगुरू व शहीद सुखदेव का 94वां शहीदी दिवस 23 मार्च को शहीद भगतसिंह पार्क में पौधरोपण कर मनाया जाएगा। क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह संगठन समिति, हांसी के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी ने बताया कि कार्यक्रम में युवा नेता साहिल भ्याना व अटल भाजपा सहयोग मंच हरियाणा के व्यापार मंडल प्रधान सन्नी इलावादी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा पार्क में पौधरोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रधान विनय जैन द्वारा शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा किशोरी नागपाल व शमां मल्होत्रा शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे।

# सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली की वर्ल्ड रैंकिंग हुई 67

- इस वर्ष 6 टाइटल अपने नाम कर चुके हैं योगेश कोहली
- वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेना है कोहली का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली अपनी ट्रॉफी के साथ।

हिसार के सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने गुडग़ांव में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता जीत ली है। इस जीत के बाद उनकी वर्तमान वर्ल्ड रैंकिंग 67 पर पहुंच गई है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से दुनिया भर के सीनियर टेनिस प्लेयर्स की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। योगेश कोहली ने बुधवार को बताया कि आईटीएफ द्वारा वर्ल्ड टेनिस टूर अंतरराष्ट्रीय आईटीएफ मास्टर्स एमटी-200 प्रतियोगिता गुडग़ांव में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न देशों के सीनियर टेनिस खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की। यह इस वर्ष जनवरी से मार्च तक का उनका छठा टाइटल था। इन 6 प्रतियोगिताओं में जीत के बाद उनकी वर्ल्ड रैंकिंग में 74 अंक का सुधार हुआ और अब उनकी वर्ल्ड रैंकिंग 141 से 67 हो गई है। उन्होंने बताया कि टेनिस उनका जुनून है और उनका लक्ष्य इस खेल में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेना है। सीनियर टेनिस खिलाडिय़ों की सूची में उनका स्थान पूरे विश्व में 67वां है।



**हिसार।** पुस्तक प्रदर्शनी में उपस्थित प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

### दयानंद कॉलेज में आयोजित की पुस्तक पठन प्रतियोगिता

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से विद्यार्थियों के पठन कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तक पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य सभी छात्रों को एकत्रित कर यह बताना था कि पुस्तकों को पढ़ना और उनकी व्याख्या करना एक कला है तथा यह हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन करते हुए ज्ञानवर्धन भी करती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रविदत्त, द्वितीय स्थान पर हर्ष तथा तृतीय स्थान पर लविशा रहे। तत्पश्चात विद्यार्थियों के लिए एक पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को मोबाइल की लत को छोड़कर पुस्तकों को अपना साथी बना लेना था। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकें देखने का अवसर मिला। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की लिट्रेरी सोसाइटी की संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी तथा सह-संयोजिका डॉ. संगीता मलिक के साथ अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. शम्मी नागपाल, प्रो. सुरेश यादव, प्रो. मंजीत, डॉ. मीनाक्षी चैहान, डॉ. रीतू खुराना, मधुर वेदांत, मंजीत, सुमित, सोनम तथा अनुराग रहे।

# डीवाईएफआई के राज्य सम्मेलन के लिए स्वागत समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** डीवाईएफआई का राज्य सम्मेलन के लिये गठित सम्मेलन स्वागत समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य। फोटो : हरिभूमि

डीवाईएफआई का राज्य सम्मेलन 22 व 23 मार्च को जाट धर्मशाला में होगा। इसके आयोजन के लिए गठित की गई सम्मेलन स्वागत समिति की बैठक सूबेसिंह स्मारक भवन में रिटायर्ड बैंक मैनेजर योगेश शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई।

इस दौरान युवा सम्मेलन को सफल बनाने के सिलसिले में स्वागत समिति के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर स्वागत समिति के सदस्यों ने सम्मेलन की बेहतर ढंग से व्यवस्था करने के लिए चार कमेटियों का गठन किया जिसमे मेष कमेटी, डेकोरेशन कमेटी, आवास कमेटी, प्रैस कमेटी बनाई गई है। इस दौरान डीवाईएफआई व स्वागत समिति के सचिव जितेन्द्र बूरा तथा डीवाईएफआई राज्य उपप्रधान मुकेश दुर्जनपुर ने बताया कि डीवाईएफआई का 16वां राज्य सम्मेलन सगंठन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है जोकि इस बार शहीद भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। इस दौरान खुला अधिवेशन का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें राज्यभर से चुने हुए युवा प्रतिनिधि समेत आमजन भी अपनी भागीदारी करेंगे। राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में पुस्तक प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

# सीएम सैनी ने बढ़ाया महिलाओं का मान-सम्मान : सुनीता रेड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डु ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट को जनकल्याणकारी व हर वर्ग का हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, कमेरों, महिलाओं, नौकरीपेशा सहित हर वर्ग के हित में कुछ न कुछ प्रावधान किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव से पूर्व किए गए वादे के अनुरूप महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना को क्रियान्वित करते हुए इसके लिए बजट में प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जो महिला सहित हर वर्ग का सम्मान करती है और खासकर चुनाव से पूर्व किए गए वादों को संकल्प मानकर पूरा करती है। सुनीता रेड्डु ने कहा कि बजट से पूर्व हर वर्ग से लिए गए सुझावों की वजह से ही यह बजट हर वर्ग का हितैषी बन पाया है। पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने बजट से पूर्व हर वर्ग के सुझाव लिए हैं और उसी के अनुरूप बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट हरियाणा के विकास को और अधिक तेज गति देने का काम करेगा।

### अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने जमीन बेचने का फर्जी इकरारनामा कर 20 लाख रुपये हड़पने के मामले में एक आरोपी अग्रोहा निवासी नरेंद्र उर्फ बागड़ी की गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई जसबीर ने बताया कि इस संबंध में गांव जुगलान निवासी उमेद सिंह ने जमीन का फर्जी इकरारनामा कर 20 लाख रुपये हड़पने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह आरोपी नरेंद्र उर्फ बागड़ी को जानता था। नरेंद्र उर्फ बागड़ी उसे गांव नंगथला में जमीन बिकाऊ का नाम ले उसे जमीन दिखाने ले गया और कहा कि यह जमीन उसके रिश्तेदार नंगथला निवासी रामकुमार की है। नरेंद्र उर्फ बागड़ी ने शिकायतकर्ता और रामकुमार के बीच 25 नवंबर 2024 को 11 लाख 50 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से इकरारनामा करवा दिया और 20 लाख रुपए ले लिए। जांच अधिकारी एएसआई जसबीर ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके आरोपी नरेंद्र उर्फ बागड़ी को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### चाकू मारने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट चौकी पुलिस ने 16 मार्च की शाम को कृष्णा नगर में कृष्णा नगर निवासी अरिहंत पर जानलेवा हमला कर चाकू से चोटें मारने के मामले में दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश ने बताया कि पुलिस चौकी में कृष्णा नगर निवासी अरिहंत ने दो लड़कों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला कर चोटें मारने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 16 मार्च की शाम को वह प्रभु मंदिर वाली गली से अपने घर की तरफ आ रहा था कि त्रिवेणी पार्क के पास गली में 5-6 लड़के खड़े थे। हॉर्न बजाने पर सब हट गए और एक लड़का वहीं खड़ा रहा और उसे मोटरसाइकिल थोड़ी टच हो गई। इस बात को लेकर उनसे कहासुनी हो गई।

**कार्यक्रम** — महोत्सव में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया लेकर दिया भक्ति का संदेश

# कृष्ण प्रणामी मंदिर व बाल सेवा आश्रम के वार्षिकोत्सव पर विशाल कलश यात्रा निकली

- पांच दिन चलेंगे कार्यक्रम, अनेक गायकार व महानुभाव पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** गांव कैमरी की गलियों से गुजरती कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर व बाल सेवा आश्रम, कैमरी का पांच दिवसीय 50वां वार्षिकोत्सव स्वर्ण जयंती महोत्सव ब्रह्मलीन दयालदास महाराज के आशीर्वाद से व परमहंस स्वामी सदानंद महाराज के सान्निध्य में आश्रम के प्रांगण में शुरु हुआ। महोत्सव में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रीकृष्ण प्रणामी सर्व कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी राजदास महाराज ने बुधवार को बताया कि महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा से की गई। कैमरी गांव में स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर से आश्रम तक निकाली गई कलश यात्रा में सैंकड़ों महिलाओं ने एक जैसी ड्रेस पहनकर भाग लिया। बैंड बाजों व ढोल-ढमाकों के साथ गांव की गलियों से गुजरी कलश यात्रा में लोग भजनों पर घंटों तक झूमते रहे। आश्रम पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। दोपहर को 108 श्रीमद्तारतम पारायण महायज्ञ किया गया जिसमें स्वामी जगतराज महाराज, दिव्यानंद महाराज, मुकुंदशरण महाराज के अलावा हजारों लोगों ने भाग लिया।